भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3645**

जिसका उत्तर सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)को दिया गया

**ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र को दिए गए बैंक ऋण की वृद्धि दर**

†3645. श्रीमती महुआ मोइत्रा:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वित्तीय वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और संबद्ध क्षेत्र को जारी किए गए बैंक ऋण की वृद्धि दर क्या है;

(ख) विगत पाँच वर्षों के दौरान ग्रामीण बाजारों में दोपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों की खुदरा बिक्री की वृद्धि दर क्या है;

(ग) क्या उक्त किसी संकेतक में वर्ष 2025-26 के दौरान 17 से 18 प्रतिशत की कथित ग्रामीण मजदूरी वृद्धि के अनुरूप वृद्धि दर्ज की गयी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ग्रामीण मांग की स्थितियों के संबंध में, यदि कोई हो, किए गए नवीनतम आकलन का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या वर्ष 2026 की शेष अवधि के दौरान ग्रामीण मांग के संकेतक स्थिर रहने की स्थिति में सरकार द्वारा ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि के अपने दावे पर पुनर्विचार किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): पिछले पांच वर्षों में कृषि और संबद्ध क्षेत्र को संवितरित किया गया ऋण नीचे दर्शाया गया है:

(राशि लाख करोड़ रुपये में)

| **वित्तीय वर्ष** | **कृषि और संबद्ध क्षेत्र को वितरित किया गया ऋण** |
|---|---|
| 2021-22 | 18.6 |
| 2022-23 | 21.6 |
| 2023-24 | 25.5 |
| 2024-25 | 28.6 |
| 2025-26 | 30.0 |

*स्रोत: नाबार्ड*

पिछले पांच वर्षों में, कृषि और संबद्ध क्षेत्र को दिए गए कुल ऋण में 12.7% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्ज की गई है।

(ख): भारतीय रिज़र्व बैंक के बुलेटिन के अनुसार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ट्रैक्टरों की बिक्री वर्ष 2021-22 के 7.7 लाख की तुलना में वर्ष 2025-26 में 10.6 लाख रही, जो 8.3% की सीएजीआर को दर्शाती है, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दुपहिया वाहनों की बिक्री वर्ष 2021-22 के 123.7 लाख की तुलना में वर्ष 2025-26 में 197.3 लाख थी, जो 12.4% की सीएजीआर को दर्शाती है।

(ग): वर्ष 2025-26 में, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ट्रैक्टरों की बिक्री में वर्ष 2024-25 की तुलना में 23% की वृद्धि हुई, और वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दुपहिया वाहनों की बिक्री 10% बढ़ी।

(घ) और (ङ): आरबीआई के जुलाई 2026 के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, जून 2026 में ग्रामीण मांग में आई तीव्र तेजी से घरेलू मांग को सहायता मिली। खरीफ फसलों की बुआई की गतिविधियों की शुरुआत के साथ ही, ट्रैक्टरों की बिक्री और दुपहिया वाहनों की बिक्री दोनों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

*****